# यूपीईएस और वाटरलू विवि में एमओयू



देहरादून, 9 दिसम्बर (नवोदय टाइम्स) : यूपीईएस ने कनाडा के वाटरलू विश्वविद्यालय के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य वाटरलू विश्वविद्यालय की प्रोफेशनल शिक्षण पहल वाटस्पीड को भारत में लाकर ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव शिक्षा में बड़े बदलाव करना है।

एमओयू के मुताबिक दोनों संस्थानों का लक्ष्य वाटस्पीड के उच्च गुणवत्ता वाले, पाठ्यक्रम को यूपीईएस और छात्र आउटरीच के साथ एकीकृत करने की दिशा में काम करना है, जिससे इनोवेटिव और आसान शिक्षण समाधान हो सके। यह साझेदारी भारतीय पेशेवरों के लिए नए अवसरों को सृजित करेगी। यूपीईएस के प्रेजिडेंट डॉ. सुनील राय ने बताया कि इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय केडिट ट्रांसफर मार्गों की स्थापना को सुविधाजनक बनाना है, जिससे यूपीईएस के छात्र अपने कार्यक्रमों से अर्जित केडिट को वाटरलू विश्वविद्यालय में लागू पाठ्यक्रमों या डिग्री कार्यक्रमों में सहजता से स्थानांतरित कर सकें।

यह प्रक्रिया दोनों संस्थानों के शैक्षणिक मानकों के अनुरूप होगी। जिससे विदेश में एडवांस्ड अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए एक सहज परिवर्तन संभव होगा। इस मौके पर वाटरलू विश्वविद्यालय से डॉ. विवेक गोयल, गणित के डीन डॉ. मार्क गिसब्रेच, इंजीनियरिंग के डीन डॉ. मैरी वेल्स, इनोवेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट संजीव गिल और एडवांसमेंट के वाइस प्रेसिडेंट नेनोन डोनाल्डसन, डीन स्कूल ऑफ लॉ और हेड इंटरनेशनल अफेयर्स डॉ. अभिषेक सिन्हा आदि मौजूद रहे।